JALAUN POLICE

दिनांक – 24.06.2026

थाना आटा पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 02 अभियुक्तगण को चोरी किये गये दो सोने के टुकडे कुल वजन 135 ग्राम (कीमत करीब 21 लाख रुपये) व 97000 हजार रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 23.06.2026 को थाना आटा में मनोज सिंह द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अभियुक्तगणो द्वारा उसकी माँ व बड़ी बहू का घर मे रखे सोने के टुकड़े (थपिया) चोरी कर लिया गया है। जिसके संबन्ध में थाना आटा में मु0अ0सं0 111/2026 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत हुआ था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में दिनांक 24.06.2026 को थाना आटा पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मिठठू उर्फ शिवकुमार पुत्र स्व0 गोपी उम्र करीब 40 वर्ष नि0 ग्राम पिपरांया थाना आटा जनपद जालौन 2- अभि0 अंकित द्विवेदी पुत्र रुपनारायण उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम पिपरांया थाना आटा जनपद जालौन को दो सोने के टुकडे कुल वजन 135 ग्राम व 97000 रूपये नगद के साथ गिरफ्तार किया गया। माल बरामदगी के संबन्ध में उक्त अभियोग में धारा बढोत्तरी कर विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगणों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आरोपीगण का विवरण-

1. मिठठू उर्फ शिवकुमार पुत्र स्व0 गोपी उम्र करीब 40 वर्ष नि0 ग्राम पिपरांया थाना आटा जनपद जालौन
2. अंकित द्विवेदी पुत्र रुपनारायण उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम पिपरांया थाना आटा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. दो सोने के दुकडे कुल बजन 135 ग्राम कीमत लगभग 21 लाख रुपये
2. 97000 हजार रुपये नगद

पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष आटा मय पुलिस टीम।
2. स्वाट/सर्विलांस टीम।